# जल स्वावलंबन पखवाड़ा व बाढ़ प्रबंधन तैयारियों की ली समीक्षा बैठक

उदयपुर, (कासं)। जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने कहा कि जल संरक्षण की दृष्टि से उदयपुर रियासत काल से सजग है। यहां सदियों पूर्व बनी जल संरचनाएं आज भी पूरे विश्व को प्रेरित करती हैं। उदयपुर संभाग मानसून का प्रवेश द्वार भी माना जाता है। ऐसे में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में आगामी 5 जून से प्रारंभ होने वाले जल स्वावलंबन पखवाड़े में उदयपुर संभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

■ **मानसून का प्रवेश द्वार होने से जल स्वावलंबन में उदयपुर संभाग की खास भूमिका : जल संसाधन मंत्री**

जल संसाधन मंत्री श्री रावत शुक्रवार अपराह्न कलक्ट्रेट सभागार में जल स्वावलंबन पखवाड़े और बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों को लेकर संभागीय स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी, आईजी राजेश मीणा, जिला कलक्टर नमित मेहता, एसपी योगेश गोयल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही चित्तौडगढ़, राजसमंद, बांसवाड़ा, डूंगरपुर व प्रतापगढ़ जिलों के जिला कलक्टर सहित अन्य अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

रावत ने कहा कि राजस्थान सरकार जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन को लेकर सजग और संकल्पित है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन और निर्देशानुसार राज्यभर में जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए विशेष पहल की जा रही है। इसके तहत 5 जून से 20 जून तक प्रदेश भर में जल स्वावलंबन पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा, जिसका शुभारंभ 5 जून को गंगा दशमी व विश्व पर्यावरण दिवस पर होगा।

रावत ने बताया कि यह पखवाड़ा केवल सरकारी औपचारिकता न होकर जनभागीदारी से संचालित एक व्यापक सामाजिक अभियान होगा। इसके तहत जल स्रोतों का संरक्षण, परंपरागत जल संचयन प्रणाली का पुनर्जीवन, जलाशयों की सफाई, वर्षा जल संचयन को प्रोत्साहन, पौधारोपण, श्रमदान और जनजागृति जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्कूल, कॉलेज, पंचायत, स्वयंसेवी संगठन, युवा और किसान समूहों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान जैसे मरुस्थलीय प्रदेश में जल की प्रत्येक बूंद का महत्व है, और ऐसे में इस पखवाड़े के माध्यम से जन-जन को जल संरक्षण की दिशा में जागरूक करना सरकार की प्राथमिकता है।

रावत ने उदयपुर सहित संभाग के सभी जिलों से जल स्वावलंबन पखवाड़े के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने अभियान में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने, हर विधानसभा स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वृहद् कार्यक्रम करने, हर पंचायत में जल संरचना पर जल पूजन सहित अन्य जागरूकता कार्यक्रम करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएसआर से भी अधिक से अधिक जल संरक्षण व पौधारोपण के कार्य कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने 5 जून से पूर्व वातावरण निर्माण के लिए रैली, कलश यात्रा, प्रभात फेरी जैसी गतिविधियां आयोजित करने के भी निर्देश दिए। मंत्री रावत ने संभाग के सभी जिला कलक्टर्स से आगामी वर्षा ऋतु में हरियाळो राजस्थान के तहत किए जाने वाले पौधरोपण की कार्ययोजना पर भी चर्चा की। उन्होंने अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए पौधरोपण कराने तथा पौधों की सुरक्षा और संवर्धन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। रावत ने आगामी मानसून के मद्देनजर बाढ़ प्रबंधन तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने जिलेवार बढ़े जल स्त्रोतों, अतिवृष्टि की स्थिति में जल भराव वाले स्थलों को लेकर तैयार एक्शन प्लान पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने ग्राम स्तर तक जल प्रवाह मार्गों, नदी, तालाबों में अतिक्रमण चिन्हित कराकर उन्हें जल्द से जल्द हटवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला परिषद सीईओ रिया डाबी, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त छोगाराम देवासी, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के अतिरिक्त आयुक्त गीतेशश्री मालवीया आदि मौजूद रहे।

## अवैध केमिकल बरामद

उदयपुर, (कासं)। तलाशी अभियान के दौरान अवैध केमिकल बरामद किया। तलाशी अभियान के दौरान वल्लभनगर थाना एएएसआई रमेशचंद्र मय टीम मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर उदयपुर चित्तोड़ हाइवे 48 पर चामुंडा मां होटल कीर की चौकी के पीछे खुले स्थान पर चोरी किया गया केमिकल ड्रमों में निकाल कर अवैध भंडारण कर रखा है। कार्यवाही कर नितेश कुमार निवासी धुणीमाता फतहनगर, किशनलाल निवासी पलाना कला घासा, जितेन्द्र खटीक निवासी पारी भोपालसागर होना बताया मौके से केमिकल से भरे ड्रम जब्त किये।

# मानसून से पहले ही गर्मी में बार-बार बिजली बंद होने से आमजन परेशान

उदयपुर, (कासं)। इन दिनों उदयपुर शहर में बिजली बंद होने से जनता में आक्रोश है। एक तो भरी गर्मी से लोग परेशान है और ऊपर से बिजली बंद हो जाती है। कई इलाकों में गुस्साए लोग बिजली निगम के कार्यालय तक गए इसके बावजूद भी बिजली की लगातार आंख मिचौली ने जनता परेशान है।

बिजली निगम पहुंचे लोगों ने गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि अभी तो मानसून की शुरुआत ही नहीं हुई है और बिजली के ये हाल है। लोगों ने इंजीनियरों से कहा कि जब मेंटेनेंस कार्य के लिए पहले ही पांच से सात घंटा बिजली बंद कर चुके है फिर ये बार.बार बिजली बंद क्यों हो रही है।

बड़गांव इलाके लोगों का कहना है कि बिजली ने परेशान कर दिया है। यहां पर गुरुवार को भी दोपहर में बिजली बंद कर दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले लंबे समय से दिन के साथ ही रात में भी बार.बार बिजली गुल होने और वोल्टेज कम आने से आमजन परेशान और दु:खी है। दूसरी तरफ समस्या के स्थायी समाधान को लेकर एवीवीएनएल लाचार नजर आ रहा।क्षेत्रवासियों ने बताया कि बड़गांव पुरानी आबादी के साथ ही नई कॉलोनियों में भी दिन और रात में भी बार.बार बिजली गुल होने से भीषण गर्मी में लोग आराम से नींद भी नहीं निकाल पा रहे है। वोल्टेज भी कम आने से पंखे,कूलर भी जवाब दे चुके है इससे परेशानी और बढ़ गई है।चित्रकूट नगर बी ब्लॉक में पिछले दिनों से बिजली बंद होना आम हो गया है। लोगों ने बताया कि गुरुवार की रात को करीब एक घंटे से ज्यादा समय से बिजली बंद रही जिससे लोग परेशान हो गए।

## खिलाड़ियों की ऊर्जा से देश आगे बढ़ता है : कलक्टर

राजसमंद, (निसं)। सामाजिक समरसता और खेलों के प्रति प्रतिबद्ध मेवाड क्लब की ओर से जिले के प्रतिभावान खिलाडियों जिन्होंने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ पदक प्राप्त किया उन खिलाडियों का समारोह पूर्वक सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि कलक्टर बालमुकुंद असावा, विशिष्ट अतिथि नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय, जेके टायर प्रबंधक अनिल मिश्रा एवं जिला खेल अधिकारी धर्मवीर सिंह थे। स्वागत उद्बोधन मेवाड क्लब के सचिव भूपेंद्र चोरडिया ने दिया। मुख्य अतिथि कलक्टर बालमुकुंद असावा ने कहा कि खिलाडियों की ऊर्जा से देश आगे बढता हैं। यह प्रसन्नता का विषय है कि मेवाड क्लब अपने दायित्वों का निष्ठा और प्रतिबद्धता से निर्वहन करते हुए खेल और खिलाडियों को प्रोत्साहित करने के कार्य में लगा हुआ हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में जब मेवाड क्लब की स्थापना का कार्य प्रारंभिक स्तर पर चल रहा था, उस समय वह इसी जिले में एसडीएम के पद पर नियुक्त थे। यह प्रसन्नता का विषय है कि आज मेवाड क्लब राजसमंद जिले ही नहीं पूरे प्रदेश में अपनी पहचान बना रहा हैं। कलक्टर ने कहा कि आज के समय महिला सशक्तिकरण की बहुत ज्यादा आवश्यकता हैं। उन्हें यह देखकर प्रसन्नता है कि महिला खिलाडी भी पुरुषों के बराबर आगे बढ रही हैं।


**कार्यालय पंचायत समिति गिर्वा जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक -:( )पंसगि/लेखा/2024/891 दिनांक:-30.05.2025

**-: खुली निविदा सूचना- 05/2025-26 :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय भवन ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के शेष निर्माण कार्य हेतु खुली बोली निविदाएं दिनांक 06.06.2025 दोपहर 04.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी कार्यालय में उपस्थित होकर कार्यालय समय में कार्य दिवस अन्तर्गत एवं sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। जिसका UBN No. ZUD2526WSOB00680 है।

विकास अधिकारी
पंचायत समिति, गिर्वा


## सार-समाचार

### देवास परियोजना का किया निरीक्षण

उदयपुर, (कासं)। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने शुक्रवार को को देवास परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से देवास परियोजना के तीसरे और चौथे चरण के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को प्रस्तावित कार्यों को जल्द से जल्द मूर्त रूप देने के लिए निर्देशित किया। मंत्री रावत शुक्रवार अपराह्न बाद देवास परियोजना के तृतीय चरण के तहत नाथियाथल गांव में प्रस्तावित बांध निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौका मुआयना कर अधिकारियों से संपूर्ण परियोजना के संबंध में जानकारी ली। विभागीय अधिकारियों ने परियोजना के ब्ल्यू प्रिंट के आधार पर मंत्री श्री रावत को प्रस्तावित बांध, उसकी क्षमता, प्रभावित क्षेत्र आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बांध का कैचमेंट एरिया 79.06 वर्ग किमी है तथा इसकी भराव क्षमता 70 एमसीएफटी रहेगी। 1330 क्यूबिक मीटर प्रति सेकेंड अतिरिक्त पानी की निकास क्षमता रहेगी। मंत्री रावत ने कहा कि राजस्थान सरकार प्रदेश में जल प्रबंधन को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है। रामजल सेतु परियोजना, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना इसी की परिणिति है। उन्होंने देवास के तृतीय व चतुर्थ चरण के प्री वर्क जल्द से जल्द पूर्ण कराकर धरातल पर जल संरचनाओं का निर्माण प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, समाजसेवी गजपालसिंह, बांसवाड़ा के मुख्य अभियंता अजय त्यागी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता उदयपुर वीरेंद्रसिंह सागर, अधीक्षण अभियंता मनोज जैन, अधिशासी अभियंता बीरबल डूडी सहित डीबीएल एवं मेगा इंजीनियरिंग के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

### चंद्रमौली महादेव का पाटोत्सव संपन्न

डूंगरपुर, (निसं)। शहर के प्राचीन स्थलीय बादल महल स्थित भगवान चंद्रमौलेश्वर मंदिर का पंचम पाटोत्सव सम्पन्न हुआ। आचार्य रामचंद्र के आचार्यवत में प्रात: सभी देवताओं आव्हान कर पूजा अर्चना की। तत्पश्चात तिलक शाखा के अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल, सचिव चिराग व्यास, उपाध्यक्ष पद्म जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश वरयानी,प्रकल्प प्रभारी गुडमॉर्निंग अध्यक्ष प्रवीण श्रीमाल एवं रौनक जैन,प्रभुलाल कंसारा,नीलेश पंचाल अजय भावसार, पंकज जैन, अल्पेश जैन, दीपक श्रीमाल, अमित टेलर, मोनी जैन,नवीन श्रीमाल, पंडित राजेश, गजेंद्र श्रीमाल, हेमेंद्र पंचाल द्वारा चंद्रमोलेश्वर महादेव का दुग्धाभिषेक,जलाभिषेक एवं वेदोक्त मंत्रोच्चार से रुद्राभिषेक किया। पूजा के उपरांत महाआरती और प्रसाद किया। मंदिर में धर्म प्रेमियों ने भजन कीर्तन किए और दिन भर भक्तों ने दर्शन लाभ लिए। रात्रि 8 बजे गंगा आरती का आयोजन भी हुआ।

### कार से शराब के 35 कार्टन बरामद

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र में मालमाथा गांव में गुरुवार देर रात गश्त के दौरान पुलिस की गाडी को देखकर शराब तस्कर शराब से भरी कार को छोडकर छूटे। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। पुलिस ने कार से राजस्थान निर्मित शराब के 35 कार्टन बरामद किए हैं। आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर पुलिस तस्करों की तलाश में जुटी है। बिछीवाडा थाने के एएसआई ने बताया कि गुरुवार रात वे हेड कांनि.लोकेंद्र सिंह, तुलसीराम,कॉनि.हर्षित और दिनेश के साथ मालमाथा गांव की ओर गश्त कर रहे थे। इस दौरान पुलिस की गाडी को देखकर एक कार रॉंग साइड में गई। कार से 2 लोग निकलकर फरार हो गए। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो कार में राजस्थान निर्मित शराब के कार्टन भरे हुए थे। जिस पर पुलिस कार को जब्त कर थाने लेकर आई। पुलिस ने कार से शराब के 35 कार्टन बरामद किए। पुलिस ने आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज करते हुए दोनों तस्करों की तलाश शुरू कर दी है।

### बच्चे की तालाब में डूबने से मौत

कपासन, (निसं)। 12 वर्षीय बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बच्चा अपने दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गया था। इस दौरान गहरे पानी में चला गया। मामला रुपाखेड़ी गांव में शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे का है। मिली जानकारी के अनुसार धर्मराज (12) मूल रूप से आकोला गढ़ का रहने वाला था। वो पिछले 9 सालों से अपनी मूक-बधिर मां के साथ ननिहाल रुपाखेड़ी में रह रहा था। दूसरी कक्षा का छात्र धर्मराज अपने दोस्तों के साथ घर से डेढ़ किलोमीटर दूर शनि महाराज रोड स्थित खेत की तलाई में नहाने गया था। तलाई फॉर्म पौंड के रूप में बनी हुई थी। तलाई 10 फीट गहरी थी। हादसे के समय तलाई में करीब 6 फीट तक पानी भरा हुआ था। नहाते समय धर्मराज गहरे पानी में चला गया और डूब गया।

## दो दिवसीय सर्वोदय संकल्प शिविर शुरू

बांसवाड़ा, (निसं)। कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का दो दिवसीय सर्वोदय संकल्प शिविर त्रिपुरा सुंदरी में शुरू हुआ जिसमें राजस्थान के लगभग सभी जिलों से चुनिंदा 250 स्थानीय सरकारों के जनप्रतिनिधी भाग ले रहें हैं। शिविर गांधीवादी दर्शन एवं सादगी से पूर्ण रहा, जिसमें शीर्ष नेता एवं के जनप्रतिनिधि एक जाजम पर बैठकर विभिन्न प्रकार के सत्र लिए। शिविर में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीबी यादव व प्रभारी जयंती भाटिया द्वारा दो विचारों का संघर्ष, राष्ट्र निर्माण, कांग्रेस विचारधारा एवं संविधान पर पीपीटी प्रेजेंटेशन एवं वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न सत्र लिए।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सीबी यादव ने अपने प्रस्तुतीकरण में हमारे राष्ट्रीय आंदोलन का सपना देश को आजाद करवाने तक सीमित नहीं था बल्कि एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना था जहां समाज में अंतिम पंक्ति पर खड़ा व्यक्ति भी स्वयं एवं परिवार को हर प्रकार से सुरक्षित महसूस कर सके। राष्ट्र निर्माण के इस महत्वपूर्ण कार्य में कांग्रेस कार्यकर्ता को जनता से चूल्हे का रिश्ता स्थापित करने की आवश्यकता है। जनता से चूल्हे का रिश्ता स्थापित करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता को सभी प्रकार के धर्म,जाति,वर्ग के पूर्वाग्रह छोड़कर सर्वोदय एवं स्वराज की भावना से कार्य करें एवं व्यक्तिगत हित के आगे राष्ट्र हित को रखना होगा। यह तभी संभव है जब कार्यकर्ता अपने पूर्वाग्रह छोड़ेगा तथा अपने दिल में पीड़ित वर्ग की पीड़ा को अनुभव करने की ताकत हासिल करेगा। यह केवल कांग्रेस की परंपरागत गांधीवादी रचनात्मक गतिविधियों अभ्यास के माध्यम से ही संभव हो सकता है। इस महत्वपूर्ण कार्य में स्थानीय सरकारों के जन प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इसलिए कांग्रेस इन जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षित करके घर-घर तक स्वराज एवं सर्वोदय के विचार को जनता तक पहुंच कर कांग्रेस के विचार को जनता के बीच स्थापित करने का प्रयास कर रही है। सर्वोदय संकल्प शिविर में कल 31 में को श्रमदान, प्रभात फेरी, जनसुनवाई एवं पेसा एक्ट पर विशेष क्रियाएं एवं सत्रों का आयोजन होगा।

## महिला ने की आत्महत्या

उदयपुर, (कासं)। विषाक्त वस्तु सेवन कर महिला ने आत्महतया कर ली।

जानकारी के अनुसार सीसारमा निवासी सोनू पुत्री डालचमंद प्रजापत ने विषाक्त वस्तु का सेवन कर आत्महत्या कर ली। तीन वर्ष पूर्व सोनू का सवीना तितरड़ी निवासी भेरूलाल के साथ विवाह हुआ था। कुछ समय रहने के बाद वह अपने पिता के पास आकर रहने लगी। गुरूवार को अज्ञात कारणें के चलते उसने विषाक्त का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर उपचार के लिए उसे एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। थानाधिकारी लीलाराम ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।


**कार्यालय ग्राम पंचायत ब्राह्मणों का कलवाना, भानपुर, सिंघाडा पं.स. सायरा जिला उदयपुर**

क्रमांक: गा.प./निविदा/25-26/SPL दिनांक- 28.05.2025

**निविदा सुचना**

इन कार्यालयों के पत्रांकSPLदिनांक 28.05.2025 द्वारा निम्नलिखित सुचना द्वारा अनुबंध पर कार्य करवाने हेतु निविदा सुचना जारी की गई। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र.स. | निविदा का विवरण | अनुमानित राशि | UBN NO |
|---|---|---|---|
| 1. | 25-26/02/28.05.25 | 24.00 लाख | ZUD2526WSOB00621 |
| 2. | 25-26/02/28.05.25 | 24.00 लाख | ZUD2526WSOB00593 |
| 3. | 25-26/02/28.05.25 | 24.00 लाख | ZUD25WSOB00592 |

निविदा का विस्तृत विवरणW.W.W.sppp.rajasthan.gov.in एवंeproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**सरपंच**
ग्राम-ब्राह्मणों का कलवाना, भानपुरा, सिंघाडा
पं.स. सायरा, जिला उदयपुर ( राज. )

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम-ब्राह्मणों का कलवाना, भानपुरा, सिंघाडा
पं.स. सायरा, जिला उदयपुर ( राज. )


## धोखे से जमीन हड़पी, मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। सौदा कर अन्य के नाम जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पीडित रमेश निवासी नाल फला चौकडिया ने आरोपियों करण, मांगू मंसूरी तथा जयप्रकाश सोनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मेरे पिता के नाम की जमीन बेचने का सौदा 20 लाख में तय कर 5 लाख रूपये अठिाम लिए। आरोपियों ने खरीददार को जमीन का वीडियों भेजा। इस दौरान मेरे नाम पिता की रजिस्ट्री कराने के बाद बेचना तय किया।

## ज्वलनशील नहीं, शिव की तरह सहनशील बनें : राजे

उदयपुर, (कासं)भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे अल्पप्रवास पर शुक्रवार को उदयपुर पहुंचीं। वे ऋषभदेव-खेरवाड़ा के पास में एक मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुई।

कार्यक्रम में राजे ने कहा कि भगवान शिव का जीवन प्रेरणादायी है। उनका जलाभिषेक हमें आग बुझाने की प्रेरणा देता है इसलिए ज्वलनशील नहीं सहनशील बनो।उन्होंने कहा भगवान शिव से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए कि अपनों की भलाई के लिए विषपान भी करना पड़े तो करना चाहिए। यदि भगवान शिवजी विष नहीं पीते तो दुनिया नष्ट हो जाती। राजे मसारों की ओबरी में सामलेश्वर शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में बोल रही थी।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राम मंदिर निर्माण के लिए आभार व्यक्त किया। कहा- अर्द्धनारीश्वर शिव से स्त्री और पुरुष दोनों को बराबर सम्मान देने व गंगा धारण करने वाले महादेव से त्याग की प्रेरणा लेनी चाहिए। आदियोगी शिव का जीवन हमें ध्यान, योग और साधना की सीख देता है।

## नवचंडी हवन किया

बांसवाड़ा, (निसं)। महाराणा प्रताप जयंती पर उत्तम सेवा धाम महामंडलेश्वर ईश्वरआनन्द आश्रम जानामेढ़ी में धार्मिक अनुष्ठान किया गया। त्रिपुरा सुन्दरी उपासक पंडित दिव्य भारत आचार्यत्व एवं विद्वान ब्राह्मणों ने स्वस्तिवाचन के साथ महाराणा प्रताप के चित्रपट पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर पूजा की। इस अवसर पर मेवाड़ के आराध्य एकलिंगनाथ महादेव का पंचामृत और फलों के रस से रुद्राभिषेक किया गया कुलदेवी बाण माता की पूजा के साथ दुर्गा सप्तशती का नवचंडी हवन भी संपन्न हुआ।

## मृतक का किया अंतिम संस्कार

उदयपुर, (कासं)। सविना थाना क्षैत्र राणीजी की बावड़ी एकलिंगपुरा रेल्वे ट्रेक पर गत दिनों ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत हो गई। जिसकी शिनाख्त नहीं होने पर शुक्रवार को मृतक का अंतिम संस्कार करवाया।

# कार्यशाला में आत्मरक्षा व साइबर ठगी से बचाव की दी जानकारी

डूंगरपुर, (निसं)। महिला सशक्तिकरण एवं अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस का जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला प्रशासन,पुलिस विभाग, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, राजीविका एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को विजया राजे सिंधिया ऑडिटोरियम हॉल डूंगरपुर मे आयोजित किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती के तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि महिलाओं के समस्या समाधान के लिए सभी थानों में एक स्वागत कक्ष बनाया गया है जिसमें महिलाएं उस स्वागत कक्ष में आकर नि:संकोच अपनी समस्याएं बताए आपकी समस्या का त्वरित समाधान किया जाएगा। तथा किसी भी आपात परिस्थिति में सहायता के लिए 100, 112, 1090 और 1098 नम्बर पर तुरंत सूचना देने की अपील की। उन्होंने महिला सुरक्षा के लिए राजकॉप सीटीजन एप्प, आत्महत्या, सडक दुर्घटनाएं, आपसी झगडे जैसे मामलों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि आत्महत्या करना एक गभीर समस्या है, ऐसे गंभीर कदम उठाने से पहले अपने परिवार और बच्चों के भविष्य के बारें में विचार करना चाहिए। छोटे-छोटे विवादों को आपसी संवाद और समझदारी से सुलझाना चाहिए तथा उन्होंने सडक सुरक्षा एवं यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक मोतीलाल मीणा ने बताया कि कार्यशाला मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाना, संवेदनशील विषयों पर जागरूक करना तथा समाज में सुरक्षा एवं सहयोग की भावना को बढावा देना है। कार्यशाला में पुलिस विभाग, द्वारा आत्म रक्षा, कालिका पेट्रोलियम ने महिलाओं के सुरक्षा, साइबर सेल द्वारा विस्तृत जानकारी दी।

कार्याशाला में पुलिस की आत्मरक्षा प्रशिक्षण टीम के मास्टर ट्रेनर ने महिलाओं को आकस्मिक घटनाओं में खुद को बचाने के तरीके बताएं। कालिका प्रेट्रोलिंग टीम ने सार्वजनिक स्थलों स्कूला कॉलेज बाजार, धार्मिक स्थल, पार्क बस और भीडभाड वाले क्षेत्रों में होने वाली स्नेचिंग जैसी घटनाओं से निपटने के उपाए बताए। साईबर सेल टीम ने महिलाओं के साइबर ठगी और उससे बचने के उपायों की जानकारी दी। महिला अधिकारिता विभाग और राजीविका ने बालिका जन्मोत्सव के तहत बालिकाओं के माल्यापर्ण कर एवं केक काटकर बालिका जन्मोत्व मनाया गया। तथा बालिकाओं की सुरक्षा और शिक्षा की विस्तृत जानकारी दी। चिकित्सा एवं स्वाथ्य विभाग के अधिकारी ने एनिमिया मुक्त अभियान एवं स्वास्थ्य और स्वच्छता से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन राजीविका के जिला प्रबंधक पंकज दवे किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, महिला, डिप्टी पुलिस अधीक्षक तपेन्द्र मीणा, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक मोतीलाल मीणा, नेहरू युवा केन्द्र प्रदीप कुमार मीणा, महिला थानाधिकारी सकाराम सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


**न्यायालयः उपखण्ड अधिकारी एवं (सहायक कलक्टर) लक्ष्मणगढ जिला-अलवर (राज.)**

आदेश 09 नियम 13 सिविल प्रक्रिया संहिता 1908
(आदेश 5 का नियम 20 )
दावा बाबत इस्तकराहक व हुक्मइन्तनाई दवामी (मुकदमा संख्या 03/2007)
रूकमणी देवी, जयदेव आदि ग्राम बल्लभग्राम तहसील किशनगढ बासवादीगण।
बनाम
इन्दर पुत्र गोपालदास सिन्धी निवासी खैरथल वगैरा प्रतिवादीगण
(प्रार्थना पत्र आदेश 09 नियम 13 जा.दी. प्रार्थना पत्र संख्या 3/2024)


बनाम :-
1. धनवती बेवा जयदेव जाति सिन्धी।
2. महेश पुत्र जयदेव जाति सिन्धी।
3. ज्योति पुत्री जयदेव जाति सिन्धी।
4. महेन्द्र पुत्र जयदेव जाति सिन्धी निवासीयान् 3/98 गोर्वधन विलास हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी उदयपुर राज.

प्रार्थी/प्रतिवादी ने आपके विरूद्ध उक्त प्रार्थना पत्र संस्थित किया है। आप अमदन जानबूझकर अपने उपर उपरोक्त प्रकरण में इस न्यायालय द्वारा जारी किये जाने वाले नोटिसों की तामील नहीं होने देते है तथा नोटिसों को लेने से गुरेज करते रहे है। लिहाजा आपको इस बजरिये इस तहरीर जवाबदेही के लिए दिनांक 10-6-25 को दिन को 11:00 बजे अदालत में असालतन या मार्फत ऐसे वकील के जो मुक्दमें से वाकिफ हो कुल अमर अहम मुताबिक मुक्दमें के जवाब दे सके, अदालत में हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि आप उपरोक्त तिथि को असालतन या वकालतन उपस्थित होकर न्यायालय में अपना पक्ष प्रस्तुत करें। आगाह रहे आप न्यायालय में उपस्थित नहीं रहे तो प्रार्थना पत्र आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसल किया जावेगा।
यह सम्मन मेरे दस्तखत व मुहर से आज दिनांक 12/05/2025 को जारी किया गया।

(मोहर) उपखण्ड अधिकारी एवं (सहायक कलक्टर)
लक्ष्मणगढ़ जिला-अलवर (राज.)


## उपकारागृह का किया निरीक्षण

राजसमंद, (निसं)। जिला प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल के निर्देशानुसार प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश भारत भूषण पाठक ने शुक्रवार को उप कारागृह भीम का निरीक्षण कर कारागृह की भोजन, सफाई, आवास, सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सचिव पाठक ने बताया कि निरीक्षण के समय कारागृह में कुल 5 बंदी निरुद्ध मिले। ऐसा कोई भी बंदी निरूद्ध नहीं मिला जिसकी पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं हो। इसके लिए नवीन प्रवेशित बंदियो से संवाद किया गया, सभी बंदियों ने अपने प्रकरण में अधिवक्ता नियुक्त होना बताया तथा कारागृह में कोई भी बंदी 18 साल से कम उम्र का निरूद्ध नहीं मिला। बंदियों ने भोजन व्यवस्था के प्रति संतोष व्यक्त किया। सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई।


प्रगत संगणन विकास केंद्र
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार

हमसे जुड़ें
**हम भर्ती कर रहें हैं**
**प्रतिभाओं की खोज**
रोमांचक और चुनौतीपूर्ण कार्य के लिए

**वैज्ञानिक और तकनीकी पद**

**परियोजना सहयोगी** (नवागत / अनुभवी)
**परियोजना अभियंता** (नवागत / अनुभवी)

**वरिष्ठ परियोजना अभियंता**
**परियोजना नेतृत्वकर्ता**
**मॉड्यूल नेतृत्वकर्ता**
(न्यूनतम 4 वर्षों का अनुभव)

**परियोजना प्रबंधक**
**परियोजना वितरण प्रबंधक**
**प्रोग्राम प्रबंधक**
**ज्ञान सहभागी(नॉलेज पार्टनर)**
(न्यूनतम 9 वर्षों का अनुभव)

योग्यता
1. बीई/बीटेक या समकक्ष डिग्री
2. विज्ञान/ कंप्यूटर अनुप्रयोग या प्रासंगिक डोमेन में स्नातकोत्तर डिग्री/एमबीए
3. एम.ई./एम.टेक या समकक्ष डिग्री
4. पीएच.डी.

**गैर-तकनीकी पद**

**परियोजना सहायता स्टाफ / परियोजना अधिकारी**
(शैक्षिक योग्यता के आधार पर न्यूनतम 0 - 3 वर्ष का अनुभव)

योग्यता
1. स्नातक
2. पोस्ट ग्रेजुएट
3. सीए / एलएलएम/ सीएमए / इंटर सीए
4. प्रासंगिक क्षेत्र में दो साल का पूर्णकालिक एमबीए / प्रासंगिक क्षेत्र में स्नातकोत्तर पेशेवर योग्यता

**भारत में विभिन्न स्थलों के लिए**
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि - **20 जून 2025**
विस्तृत विज्ञापन और आवेदन करने के लिए **www.cdac.in** के **CAREERS** पृष्ठ पर जाएं।

Branding & Communication/CorpHR/C-DAC Pune 2025

ADVT.NO.CORP/JIT/03/2025 Advancing Technology for National Development CORPORATE HRD
CBC 06132/12/0001/2526